sns academy
a fingerprint school
*Sincerity, Nobility and Service*

**2nd MONTHLY TEST- JUNE – 2019-20**

**HINDI (2nd Lang)**

**GRADE: 10th** **MARKS: 50**
**DATE: 26.06.2019** **TIME: 1½ Hrs**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख , ग ,और घ ।
2. चारों खंड के उत्तर देने अनिवार्य हैं ।
3. यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

**खंड - क**

प्र. 1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

हँसी भीतरी आनन्द का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गये हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला- कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनन्द से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी।एक युनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीजने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रिट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं , उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है-" जिंदगी जिंदादिली का नाम है" मुर्दा दिल शरीर क्या खाक जिया करते हैं। मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास- से –उदास मनुष्य के चित्त को प्रफ़ुल्लित कर देती है। आनन्द एक ऐसा प्रबल इंजन है कि शोक और

दुख की दीवारों को ढहा सकते हैं। प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनन्दरूपी मंत्र सुनाता है। एक अंग्रेज डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है।

1. हँसी भीतरी आनन्द को कैसे प्रकट करती है ? 2

हँसी भीतरी आनन्द को बाहरी चिह्न अर्थात हमारे चेहरे के द्वारा प्रकट करती है।

2. पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया **?** 2

पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व इसलिए दिया क्योंकि जितना ही अधिक आनन्द से हम हँसेंगे उतनी ही हमारी आयु बढ़ेगी ।

3. हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है ? 2

हँसी को एक शक्तिशाली इंजन इसलिए कहा गया है क्योंकि ये शोक और दुख की दीवारों को ढहा सकते हैं।

4. हेरीक्लेस और डेमाक्रिट्स के उदाहरण से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ? 2

हेरीक्लेस और डेमाक्रिट्स के उदाहरण से लेखक स्पष्ट करना चाहता है कि अपने कर्मो पर खीजने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रिट 109 वर्ष तक जिया।

5. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

‘ हँसी का नाम जीवन’ **/** ‘ हँसी - एक शक्तिशाली इंजन’

**प्र. 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

मैं चला**,** तुम्हें भी चलना है असि धारों पर

सर काट हथेली पर लेकर बढ़ आओ तो।
इस युग को नूतन स्वर तुमको ही देना है,
अपनी क्षमता को आज जरा आजमाओ तो।
दे रहा चुनौती समय अभी नवयुवकों को
मैं किसी तरह मंजिल तक पहले पहुँचुँगा।
तुम बना सकोगे भूतल का इतिहास नया,
मैं गिरे हुए लोगों को गले लगाउँगा।
क्यों ऊँच-नीच, कुल, जाति, रंग का भेद-भाव ?
मैं रूढ़िवाद का कल्मश-महल ढहाऊँगा ।
जिनका जीवन वसुधा की रक्षा हेतु बना
मरकर भी सदियों तक यों ही वे जीते हैं।
दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।

1. कवि को नवयुवकों से क्या-क्या अपेक्षाएँ हैं ? 2

आज के नवयुवकों को अपनी क्षमता को आजमाना है , चुनौतियों का सामना करना है, हर प्रकार का त्याग करने के लिए तत्पर रहना है ।

2. " मरकर भी सदियों तक जीना " कैसे संभव है ? 2

जिनका जीवन वसुधा की रक्षा के लिए बना है, वे मरकर भी सदियों तक जीते हैं।अर्थात उनका यश चारो ओर फ़ैल जाता है ।

3. " खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।" भाव स्पष्ट कीजिए । 2

जो नवयुवक समाज और देश की भलाई के लिए जीते हैं वे हँसते हुए हर

प्रकार की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं ।

## खण्ड- ख

**प्र. 3. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपान्तरण कीजिए** - 3

1. जापान में चाय पीने की एक विधि है जिसे ' चा-नो-यु' कहते हैं। **(** सरल वाक्य **)**

जापान में चाय पीने की विधि को ' चा-नो-यु' कहते हैं।

2. वह फ़ल खरीदने बाजार गया**,** वहाँ से फ़ल लेकर आ गया। **(** संयुक्त वाक्य**)**

वह बाजार से फ़ल खरीदा और फ़ल लेकर आ गया।

3. तताँरा को देखते ही वामीरो फ़ूट-फ़ूट कर रोने लगी । **(** मिश्र वाक्य )

जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा वैसे ही वह फ़ूट-फ़ूट कर रोने लगी ।

**प्र. 4. (क) निम्न लिखित शब्दों का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम भी लिखिए-** 2

1. नीला है जो कमल = नीलकमल- कर्मधारय समास
2. घोड़े पर सवार = घुड़सवार – तत्पुरुष समास

**(ख ) निम्न लिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम भी लिखिए-** 2

1. नवनिधि = नवनिधियों का समूह- द्विगु समास
2**.** यथा समय = समय के अनुसार - अव्ययी भाव समास

## खंड- ग

**प्र.5. प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए।**

1. धर्म तल्ले के मोड़ पर आकर जुलुस क्यों टूट गया ? 2
2. पुलिस कमिश्नर के नोटिस और कौंसिल के नोटिस में क्या अन्तर था ? 2

**प्र.6. प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** 5

आज जो बात थी वह निराली थी, किस बात से पता चल रहा था कि आज का दिन अपने आप में निराला है, स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

जुलुस के लाल बाजार आने पर लोगों की क्या दशा हुई ?

**प्र. 7 . प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में लिखिए।**

1. मीरा ने कृष्ण से अपनी सहायता करने का आग्रह क्यों किया है ? 2
2. मीराबाई ने कृष्ण के रूप-सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है **?** 2

**प्र. 8 . प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए।** 5

कौन-कौन से तर्क देकर मीरा कृष्ण से दर्शन देने का आग्रह करती हैं ?

**अथवा**

मीरा के पदों में कृष्ण-लीलाओं एवं महिमा के वर्णन का उद्देश्य क्या है ?

**खंड- घ**

**प्र. 9.** विद्यालय के मोबाईल फ़ोन के प्रयोग पर अभिभावक और अध्यापक के बीच संवाद लिखिए । 5

अध्यापक – आइये , बैठिये भाई साहब।

अभिभावक – आपने मुझे बुलाया था, क्या बात है ?

अध्यापक - हमने आप सभी की सुविधा के लिए ही विद्यालय के मोबाईल फ़ोन के प्रयोग की अनुमति दी है लेकिन आपका बेटा राम अक्सर आपसे बात करने के लिए हमें बार-बार परेशान करता रहता है। आप उसे

अभिभावक- ठीक है, मैं उसे समझा दूँगा। आप उसे बुलाइये ।

अध्यापक- अभी वह कक्षा में है, आप थोड़ी देर प्रतीक्षा कीजिए ।

अभिभावक- ठीक है। मैं प्रतीक्षा करता हूँ ।

**प्र. 10.** विद्यालय की कलाविधि ( आर्ट गैलरी ) में कुछ चित्र बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, इसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

## चित्र बिक्री के लिए

सेल सेल सेल

भारी सेल

------स्कूल की कलावीथी में से चित्रों की भारी छूट पर सेल

लगभग ५० प्रतिशत छूट

*आज ही आइये और अपनी पसंद का चित्र ले जाइये*

जल्दी कीजिये

**छूट सिर्फ अगली दो दिनों तक**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे

------------------------